# 26 राजस्थान की साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्थाएँ

1. निम्न में से कौन सी संस्था कठपुतली कला को राजस्थान में संरक्षण-संवर्धन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जानी जाती है?
(1) ललित कला अकादमी (जयपुर)
(2) भारतीय लोक कला मंडल (उदयपुर)
(3) राजस्थान संगीत संस्थान (जयपुर)
(4) रवीन्द्र रंगमच (बीकानेर) (2)

2. भारतीय लोक कला मंडल स्थित है?
(1) जयपुर (2) अजमेर
(3) जोधपुर (4) उदयपुर (4)

3. अरबी-फारसी शोध संस्थान कहाँ स्थित है?
(1) जयपुर (2) भरतपुर
(3) टोंक (4) कोटा (3)

4. राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी कहाँ है?
(1) अजमेर (2) जयपुर
(3) बीकानेर (4) उदयपुर (2)

**व्याख्या-** राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी की स्थापना 15 जुलाई, 1969 को की गई। यह संस्था विविध विषयों की विश्वविद्यालय स्तरीय पुस्तकों व संदर्भ ग्रंथों का प्रकाशन करती है।

5. जयपुर में अधिकांश संस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित होती है?
(1) अल्बर्ट हॉल (2) राजस्थान संगीत संस्थान
(3) रवीन्द्र मंच (4) जवाहर कला केन्द्र (4)

6. राज्य की पारम्परिक एवं विलुप्त हो रही कलाओं के संरक्षण, खोज एवं संवर्द्धन करने और उनका समन्वित विकास करने के उद्देश्य से स्थापित संस्था है?
(1) जयपुर कत्थक केन्द्र
(2) गुरूनानक संस्थान ( जयपुर)
(3) राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी
(4) भारतीय लोक कला मण्डल (उदयपुर) (4)

**व्याख्या-** भारतीय लोक कला मण्डल की स्थापना 1952 में श्री देवीलाल सामर द्वारा की गई। यह संस्था विभिन्न लोक कलाओं, कठपुतली नृत्य के प्रचार-प्रसार व संरक्षण का कार्य करती है।

7. राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी कहाँ है?
(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) बीकानेर (4) उदयपुर (3)

8. पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र स्थित है?
(1) जोधपुर (2) जैसलमेर
(3) उदयपुर (4) बीकानेर (3)

9. लोक संस्कृति संग्रहालय कहाँ पर स्थित है?
(1) जोधपुर (2) जैसलमेर
(3) बीकानेर (4) नागौर (2)

10. निम्न में से असत्य युग्म है-
(1) रविंद्र मंच-जयपुर
(2) राजस्थान संगीत नाटक अकादमी-जोधपुर
(3) रूपायन संस्थान-जोधपुर
(4) राजस्थान साहित्य अकादमी-जोधपुर (4)

**व्याख्या-** राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर में स्थित है।

11. निम्न में से असत्य युग्म है-
(1) पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र- 1986
(2) राजस्थान संगीत संस्थान- 1950
(3) ललित कला अकादमी- 1957
(4) राजस्थान संगीत नाटक अकादमी- 1960 (4)

**व्याख्या-** जोधपुर में स्थित राजस्थान संगीत नाटक अकादमी की स्थापना 1957 में की गई थी। यह राजस्थान में संगीत,नृत्य व नाट्य विधाओं के प्रचार-प्रसार व संरक्षण का कार्य करती है।

12. निम्न मेंसे किस संस्थान की स्थापना 'मदरसा-ए-हुनरी' के नाम से की गई थी।
(1) राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट एण्ड क्राफ्टस(जयपुर)
(2) ललित कला अकादमी(जयपुर)
(3) राजस्थान संगीत नाटक अकादमी(जोधपुर)
(4) राजस्थान ज्ञानपीठ संस्थान(बीकानेर) (1)

**व्याख्या-** जयपुर के शासक महाराजा रामसिंह द्वितीय के द्वारा 1857 में राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट एण्ड क्राफ्टस् की स्थापना मदरसा-ए-हुनरी के नाम से की गई थी। जिसे बाद में महाराजा स्कूल ऑफ आर्ट एण्ड क्राफ्टस् के नाम से जाना जाने लगा।

13. किस संस्थान की स्थापना कोमल कोठारी के प्रयासों से 1960 में की गई थी?
(1) जयपुर कत्थक केन्द्र (2) ललित कला अकादमी
(3) रूपायन संस्थान (4) राजस्थान साहित्य अकादमी (3)

**व्याख्या-** रूपायन संस्था की स्थापना कोमल कोठारी ने विजयदान देथा के सहयोग से बोरून्दा (जोधपुर) में की थी। यह संस्था पश्चिमी राजस्थान की लोक कला व लोक संस्कृति व लोक कलाकारों के उत्थान का कार्य करती है।

14. निम्न में से असत्य युग्म है-
(1) कुतुबखाना-जोधपुर
(2) अम्बेडकर पीठ-मूंडला (जयपुर)
(3) पंडित झाबरमल शर्मा शोध संस्थान- जयपुर
(4) राजस्थान प्रचारिणी सभा-जयपुर (1)

**व्याख्या-** कुतुबखाना अलवर में स्थित है, इस पुस्तकालय की स्थापना अलवर के महाराजा विनयसिंह ने की थी।

15. अलवर में कुतुबखाना की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?
(1) बख्तावर सिंह (2) मंगल सिंह
(3) गोकुल लाल असावा (4) विनयसिंह (4)

16. निम्न में से किस संस्थान की स्थापना आचार्य तुलसी ने की थी?
(1) जैन विश्व भारती(लाडनूं)
(2) राजस्थान पंजाबी अकादमी(गंगानगर)
(3) राजस्थानी शोध संस्थान(चौपासनी)
(4) राजस्थान राज्य अभिलेखागार(बीकानेर) (1)

**व्याख्या-** जैन विश्व भारती (लाडनूं) की स्थापना जैन आचार्य तुलसी ने की थी। इसे डिम्स विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त है।

17. किस संस्थान द्वारा 'सूर्यमल्ल मिश्रण शिखर पुरस्कार' दिया जाता है?
(1) राजस्थान प्राच्य विद्यापीठ प्रतिस्ठान
(2) राजस्थान भाषा साहित्य एवं संस्कृत अकादमी
(3) राजस्थान प्रचारणी संभा
(4) अम्बेडकर पीठ (2)

18. कुतुबखाना कहाँ स्थित है?
(1) टोंक (2) नागौर (3) अलवर (4) बीकानेर (3)

19. राजस्थानी भाषा बाल साहित्य प्रकाशन संस्थान कहाँ स्थित है?
(1) बोरूंदा (जोधपुर) (2) चौपासनी (जोधपुर)
(3) आमेर (जयपुर) (4) लक्ष्मणगढ़ (सीकर) (4)

20. ललित कला अकादमी की स्थापना कब की गई?
(1) 1963 (2) 1986 (3) 1958 (4) 1957 (4)

21. 1957 में स्थापित राजस्थान संगीत नाटक अकादमी कहाँ स्थित है?
(1) कोटा (2) जोधपुर
(3) उदयपुर (4) जयपुर (2)

**व्याख्या**–राजस्थान संगीत नाटक अकादमी राजस्थान में संगीत, नृत्य व नाट्य विद्याओं के प्रचार–प्रसार व संरक्षण का कार्य करती है।

22. राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की स्थापना कब की गई?
(1) जुलाई, 1986 (2) मार्च, 1986
(3) जुलाई, 1983 (4) जून, 1985 (3)

23. रवीन्द्र रंगमंच कहाँ पर स्थित है?
(1) बीकानेर (2) उदयपुर
(3) जयपुर (4) जोधपुर (1)

24. राजस्थान संगीत नाटक अकादमी की स्थापना कब हुई थी?
(1) 1985 (2) 1958 (3) 1965 (4) 1957 (4)

25. किस संस्था से 'लोक संस्कृति' नामक पत्रिका निकलती है?
(1) गुरूनानक संस्थान (2) राजस्थान संगीत संस्थान
(3) रूपायन संस्थान (4) राजस्थान साहित्य अकादमी (3)

**व्याख्या**– रूपायन संस्थान की स्थापना कोमल कोठारी ने 1960 में की गई थी। यहां से 'लोक संस्कृति' व 'मरूचक्र' नामक पत्रिका निकलती है।

26. किस संस्थान से 'मरूवाणी' नामक पत्रिका निकलती है?
(1) रूपायन संस्थान (2) राजस्थान सिंधी अकादमी
(3) ललित कला अकादमी (4) राजस्थानी प्रचारिणी सभा (4)

27. निम्न में से असत्य कथन है–
(1) राजस्थान सिंधी अकादमी 'रिहाण' नामक वार्षिक साहित्यिक पत्रिका निकालती है।
(2) राजस्थानी ज्ञानपीठ संस्थान से 'राजस्थानी गंगा' नामक पत्रिका निकलती है।
(3) राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी से 'जागती–जोत' नामक मासिक पत्रिका निकलती हैं।
(4) जैन विश्व भारती संस्था से 'पणिहारी' नामक पत्रिका निकलती है। (4)

**व्याख्या**– जैन विश्व भारती संस्था से 'तुलसी प्रज्ञा' नामक पत्रिका निकलती है और 'पणिहारी' नामक पत्रिका राजस्थानी भाषा बाल साहित्य प्रकाशन संस्था से निकलती है।

28. निम्न में से कौन सा युग्म सही है?

| संस्थान | स्थापना |
|---|---|
| (1) राजस्थान साहित्य अकादमी | – 1969 |
| (2) राजस्थान संगीत नाटक अकादमी | – 1957 |
| (3) राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी | – 1982 |
| (4) राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी | – 1980 |

(2)

**व्याख्या**– राजस्थान साहित्य अकादमी की स्थापना – 1958, राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी की स्थापना – 1986, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी की स्थापना – 1969 में की गई।

29. सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों में से सही कूट का चयन करें।

| अकादमी/संस्थाएँ | केन्द्र |
|---|---|
| (A) राजस्थान भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी | (i) बीकानेर |
| (B) पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र | (ii) उदयपुर |
| (C) राजस्थान ललित कला अकादमी | (iii) जयपुर |
| (D) राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान | (iv) जोधपुर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iv | ii | iii | i |
| (3) | i | iii | ii | iv |
| (4) | i | ii | iii | iv |

(4)

30. सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों में से सही कूट का चयन करें।

| अकादमी | स्थापना वर्ष |
|---|---|
| (A) राजस्थान साहित्य अकादमी | (i) 1958 |
| (B) राजस्थान उर्दू अकादमी | (ii) 1979 |
| (C) राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी | (iii) 1969 |
| (D) अरबी फारसी शोध संस्थान | (iv) 1978 |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iv | ii | iii | i |
| (3) | i | iii | ii | iv |
| (4) | i | ii | iii | iv |

(4)

Dhindhwal Publication
Read, Read and Achieve